हमे राधा रानी तेरे नाम का सहारा

हमे राधा रानी तेरे नाम का सहारा,
नाम का सहारा तेरे नाम का सहारा,

एक है ठिकाना दुनिया में गम के मारो का,
एक ही सहारा जग में हम बेसहारो का,
बिगड़ा मुक़द्दर तूने पल में सवारा,
हमे राधा रानी तेरे नाम का सहारा,

ठोकरे ज़माने की तेरे दर पे ले आई है,
किस्मत के मारो की तूने बिगड़ी बनाई है,
तूने डूबी कश्तियो को दिया है किनारा,
हमे राधा रानी तेरे नाम का सहारा,

जो भी एक बार शरण आये राधे रानी की,
बरसे कृपा उसपे सदा महारानी की,
हर लेती दुःख जीवन के करके एक इशारा,
हमे राधा रानी तेरे नाम का सहारा,

चित्र विचित्र पागल हो गए राधा नाम के,
बित जाये जीवन सारा वृन्दावन धाम के,
राधा नाम हमको है प्राणों से भी प्यारा,
हमे राधा रानी तेरे नाम का सहारा,

हमे राधा रानी तेरे नाम का सहारा,
नाम का सहारा तेरे नाम का सहारा,

स्वर : चित्र विचित्र

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3531/title/hame-radha-rani-tere-naam-ka-sahara-naam-ka-sahara-tere-naam-ka-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |